झारखंड के नए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **हेमंत सोरेन** के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद**झारखंड मुक्ति मोर्चा (JMM) विधायक दल** ने परिवहन मंत्री **चंपई सोरेन को विधायक दल का नेता** चुना।

मुख्य बिंदु:

- झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के तुरंत बाद **प्रवर्तन निदेशालय** द्वारा हेमंत सोरेन को भूमि घोटाला मामले में गिरफ्तार कर लिया गया।
    - यह इस्तीफा ED के अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री से राँची में उनके आधिकारिक आवास पर सात घंटे से अधिक समय तक पूछताछ करने के बाद आया।
    - झारखंड के राज्यपाल **सी.पी. राधाकृष्णन** द्वारा इस्तीफा को स्वीकार कर लिया गया।
- **झारखंड मुक्ति मोर्चा (JMM)** के वरिष्ठ नेता और परिवहन **मंत्री चंपई सोरेन** को विधायक दल का नेता चुना गया।
- चंपई सोरेन सरायकेला से पाँच बार विधायक चुने गए। 1990 के दशक में उन्होंने JMM संरक्षक **शिबू सोरेन** के साथ अलग झारखंड राज्य के निर्माण के आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया था।

प्रवर्तन निदेशालय (ED)

- प्रवर्तन निदेशालय (ED) एक **बहु-अनुशासनात्मक संगठन** है जो मनी लॉन्ड्रिंग **(अवैध धन को वैध करना) के अपराधों और विदेशी मुद्रा कानूनों के उल्लंघन** की जाँच करता है।
    - यह **वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के अधीन कार्य** करता है।
- भारत सरकार की एक प्रमुख वित्तीय जाँच एजेंसी के रूप में ED **भारत के संविधान और कानूनों के सख्त अनुपालन में कार्य** करता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/champai-soren-new-cm-of-jharkhand